WORKSHEET 6

1 दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए 5

परिश्रम सफलता का सर्वोत्तम साधन है | परिश्रम से घबराना नहीं चाहिए | कठिन - से-कठिन काम भी परिश्रम से आसान हो जाता है | परिश्रम से जी चुराने वाले आलसी होते है| आलसी व्यक्ति के जीवन का कोई लक्ष्य नहीं होता | वह सदैव आज के काम को कल पर टालता है | उसमे कार्य के प्रति उमंग , उत्साह और स्फूर्ति नहीं होती | आलस्य उसके जीवन की शक्तियों की कुंठित कर देता है और आत्म विश्वास भी खो बैठता है | परन्तु जो व्यक्ति परिश्रम से जी नहीं चुराता , समय पर अपना काम कर लेता है वह जीवन में सदैव सफल होता है | अतः जीवन में ऊंचा उठने का रहस्य परिश्रम है | सच्चे अर्थो में परिश्रम ही सफलता की कुंजी है |

प्रश्न

१. सफलता का सर्वोत्तम साधन क्या है ?

२. परिश्रम से जी चुराने वाले को क्या कहते है ?

३. सफलता की कुंजी क्या है ?

४. परिश्रम करने से क्या फल मिलता है ?

५. आलसी व्यक्ति के जीवन में क्या नहीं होता ?

2 उचित विशेषण से मिलान कीजिए 2

१. दस बच्चे गा रहे है	गुणवाचक विशेषण
२. राम चार लीटर दूध पीटा है	परिमाण वाचक विशेषण
३. वह बहुत होशियार है	संख्या वाचक विशेषण

४. सरोवर में लाल कमल खिले है सार्वनामिक विशेषण

3 उचित विशेषणों से पूरा कीजिए :-2

१. -----------पर्वत

२. ---------पवन

३. ---------किलो

४. ---------कमल

4. बहुवचन लिखिए| 1

१. लड़का

२. घर

३. तितली

४. सड़क

XXXXXXXXXXXXXXX

WORKSHHET - 7

पत्र लेखन 3

आपने फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है अपने दादाजी को पत्र लिखकर बताइए |

अनुच्छेद लेखन 3

व्यायाम

संकेत बिंदु - जीवन में स्वस्थता अनिवार्य ० व्यायाम के प्रकार ० लाभ ० व्यायाम की आवश्यकता

दिए गए क्रियाओं से वाक्य बनाइए :-2

१. गिरना

२. ढकेलना

३. खिसकना

४. लुढ़कना

योजक से रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए :-2

१. विमल जर्मन सीख रहा है ----- फ़्रेंच |

२. मुनिया ने सपना देखा --- वह चन्द्रमा पर बैठी है |

XXXXXXX

WORKSHEET -8

पत्र लेखन 5

1 अपनी सहेली को कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त मिलने पर एक बधाई पत्र लिखिए |

2अनुच्छेद लेखन

विद्यार्थी और अनुशासन 3

संकेत बिंदु -॰ अर्थ व अभिप्राय

॰ विद्यार्थी जीवन और अनुशासन ॰ अनुशासन हीनता के कारण

॰ अनुशासन समाप्त करने के उपाय ॰ अनुशासन ही सफलता की कुंजी है |

3शब्दों में प्रत्यय जोड़कर विशेषण बनाइए :-2

१. पत्थर २. रस ३. काँटा ४. चमक

xxxxxxxxxxxx